उन्नीसवां संस्करण छमाही अंक वर्ष 2024

“छमाही बुलेटिन”

# संकलन

## कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
## उत्तराखण्ड, देहरादून

अवधिः माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक

प्रस्तुतकर्ता: हिन्दी अनुभाग

छमाही हिन्दी बुलेटिन संकलन का उन्नीसवां संस्करण आपके समक्ष प्रस्तुत है। मुझे प्रसन्नता है कि संकलन का अठारहवां संस्करण आप सब के द्वारा बेहद सराहा गया। इस बुलेटिन में माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक कार्यालय के नवीन एवं उत्कृष्ट कार्यकलापों को संकलित किया गया है । इसके सफल सम्पादन के लिए मैं समस्त सहयोगी गणों को बधाई देता हूँ एवं आशा करता हूँ की भविष्य में भी हम सफलतापूर्वक संकलन को आपके समक्ष प्रस्तुत करते रहेंगे।

**राजीव कुमार सिंह**

**महालेखाकार (लेखा एवं हक)**



श्री राजीव कुमार सिंह, महालेखाकार (लेखा एवं हक०) कार्यालय में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की फोटो पर माल्यार्पण करते हुए।

### गतिविधियाँ

- हिन्दी अनुभाग
- कल्याण अनुभाग
- मनोरंजन क्लब
- प्रशासनिक कार्य
- सेवानिवृत्ति

# स्वतंत्रता दिवस

प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) एवं महालेखाकार (लेखा एवं हक) कार्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से 76वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया । प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) एवं महालेखाकार ( लेखा एवं हक) द्वारा ध्वजारोहण करने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देशभक्ति एवं राष्ट्र एकता का संदेश दिया गया ।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री लोकेश दताल, उपमहालेखाकार (प्रशासन) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए।



श्री प्रवीन्द्र यादव, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) तथा श्री राजीव कुमार सिंह, महालेखाकार (लेखा एवं हक) ध्वजारोहण करते हुए।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर बाल कलाकार द्वारा नाट्य प्रस्तुति।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारीगण समारोह का आनंद उठाते हुए |

# हिन्दी अनुभाग

## हिन्दी कार्यशाला



भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या:12019/81/2015-रा.भा. (का-2)पार्ट-2 दिनांक:29.02.2016 द्वारा इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2024-25 के द्वितीय त्रैमास (जुलाई-सितम्बर 2024) में दिनांक:09.08.2024 को पूर्ण दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके लिए संकाय सदस्य के रूप में डॉ. शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला का विषय रहा **"हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट, वार्षिक कार्यक्रम एवं राजभाषा सम्बन्धी ई-टूल्स"** कार्यशाला में कार्यालय के 30 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यालय में हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2024-25 के तृतीय त्रैमास (अक्टूबर-दिसम्बर 2024) में दिनांक: 29.11.2024 को **कंठस्थ 2.0** विषय पर अर्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालय के 52 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला हेतु  संकाय सदस्य के रूप में श्री  राजेश कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) को आमंत्रित किया गया । सम्बन्धित कार्यशाला ऑनलाइन माध्यम  से आयोजित की गयी।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक



कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक (जुलाई से सितम्बर 2024) त्रैमास के लिए दिनांक: 16.10.2024 को महालेखाकार महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपमहालेखाकार/प्रशासन, उपमहालेखाकार/निधि, समस्त वरिष्ठ लेखाधिकारियों, नामित सहायक लेखाधिकारियों एवं हिन्दी अनुभाग के समस्त कार्मिकों  द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में हिन्दी से सम्बन्धित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा इसके प्रचार-प्रसार से सम्बंधित अन्य बिन्दुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# हिन्दी पखवाड़ा

राजभाषा विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन सं-I/14034/2/87-रा.भा.(क-1) दिनांक: 21-4-1987 तथा 23-9-1987 के अनुसार सभी मंत्रालय/विभाग अपने कार्यालयों में हिन्दी दिवस का शुभारंभ 14 सितम्बर को करेंगे एवं इसके (हिन्दी दिवस) शुभारंभ के साथ पखवाड़े का समापन 29 सितंबर को करेंगे।

इसी क्रम में कार्यालय में इस वर्ष (2024) में भी हिन्दी पखवाड़े का सफल आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

### हिन्दी पखवाड़े के दौरान कार्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएँ -



अन्ताक्षरी प्रतियोगिता



चित्रकला प्रतियोगिता




कवि सम्मलेन




प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



रंगोली प्रतियोगिता




समापन समारोह

# ऑडिट सप्ताह

वर्ष 2022 में मुख्यालय से प्राप्त पत्र सं: 593/welfare/sports/01/2022-23 के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष 16 नवम्बर को भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी कार्यालयों में ऑडिट दिवस मनाया जाता है तथा उस सप्ताह को ऑडिट सप्ताह के रूप में भी मनाया जाता है जिसके अंतर्गत कार्यालयों में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## ऑडिट सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएँ एवं गतिविधियाँ -




वॉकेथन



चित्रकला प्रतियोगिता




रक्तदान शिविर



ऑडिट मेला

# कल्याण अनुभाग

**1.** श्री राकेश कुमार, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 11.09.2024 से 18.09.2024 तक कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में आयोजित "National Ranking Table Tennis Championship-2024" में प्रतिभाग किया।

**2.** श्री राकेश कुमार, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 07.10.2024 से 09.10.2024 तक चंडीगढ़ में आयोजित "North zone IA&AD Table Tennis Tournament -2024-25" में प्रतिभाग किया।




**3.** श्री अभिषेक अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी तथा रोहित रतूडी, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 22.10.2024 से 25.10.2024 तक नई दिल्ली में आयोजित "North Zone IA&AD Badminton Tournament -2024-25" में प्रतिभाग किया। जिसमे श्री अभिषेक अग्रवाल 40+ Men Single में उपविजेता रहे।

**4.** श्री सन्नी राणा, सहायक पर्यवेक्षक दिनांक 02.10.2024 से 17.10.2024 तक हैदराबाद में आयोजित "Vinoo Mankad Trophy tournament 2024-25" में प्रतिभाग किया।

**5.** श्री संजीव जखमोला, सहायक पर्यवेक्षक, सुरेन्द्र सिंह, सहायक पर्यवेक्षक तथा अनिल राठौर, वरिष्ठ लेखाकार ने दिनांक 11.11.2024 से 13.11.2024 तक नई दिल्ली में आयोजित "IA&AD North Zone Carrom Tournament 2024-25" में प्रतिभाग किया।

**6.** श्री राकेश कुमार, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 15.11.2024 से 22.11.2024 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित "National Ranking Table Tennis Championship-2024" में प्रतिभाग किया।




**7.** श्री राकेश कुमार, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 10.11.2024 से 13.11.2024 तक डालनवाला देहरादून में आयोजित "Uttarakhand State Table Tennis Championship-2024" में प्रतिभाग किया।

**8.** श्री अभिषेक अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी तथा शिखा खंडूरी, सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 21.11.2024 से 23.11.2024 तक असम गोवाहाटी में आयोजित "IA&AD Inter Zonal Badminton Tournament 2024-25"

में प्रतिभाग किया एवं 50+ Women Doubles में श्रीमति शिखा खंडूरी तथा 40+ Men Single में श्री अभिषेक अग्रवाल विजेता रहें है ।

**9.** श्री सन्नी राणा ,सहायक पर्यवेक्षक ने दिनांक 06.11.2024 से 10.12.2024 तक आयोजित “Cooch Behar Trophy tournament 2024-25” में प्रतिभाग किया ।

**10.** श्री जगदीश टोकस, लेखाकार ने दिनांक 07.11.2024 से 23.11.2024 तक आयोजित “Uttarakhand National Football Team ” में प्रतिभाग किया ।



**11.** श्री जीवन सिंह सामंत, श्री शम्भू जुयाल, श्री रोहित रतूडी तथा श्री संजय सिंह कुँवर ने दिनांक 09.12.2024 से 16.12.2024 तक गोवा में आयोजित “All India Civil Services Football Tournament 2024-25” में प्रतिभाग किया ।

**12.** श्री वैभव भट्ट, लेखाकार ने दिनांक 08.10.2024 से 02.02.2025 तक आयोजित “Senior Men’s Ranji Trophy 2024-25” में प्रतिभाग किया ।

**13.** श्री संजय सिंह कुंवर, वरि. लेखाकार की सुपुत्री कु. इशिता कुंवर ने एस.एफ.ए. चैंपियनशिप उत्तराखण्ड 2024-25 के अंतर्गत तैराकी में Under 8 (female) 50 meter Freestyle श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





- ## कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न सम्बन्धी व्याख्यान

कार्यालय में दिनांक 22.10.2024 को कार्यस्थल पर **महिलाओं के प्रति हिंसा तथा भेदभाव को दूर करने सम्बन्धी जागरूकता के लिए एक कार्यशाला** का आयोजन किया गया जिसमे डॉ० प्रतिमा सिंह, सहायक प्रोफेसर, डी०ए०वी०कॉलेज देहरादून द्वारा " कार्यशील महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम,निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" के प्रावधानों पर व्याख्यान दिया गया।




- ## सतर्कता जागरूकता सप्ताह


कार्यालय में दिनांक 28.10.2024 से 03.11.2024 तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** का आयोजन किया गया जिसमे दिनांक 29.10.2024 को श्री दिनेश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी द्वारा "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" विषय पर सभागार कक्ष में व्याख्यान दिया गया।



# मनोरंजन क्लब

## शतरंज प्रतियोगिता

शतरंज प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन दिनांक: 16.10.2024 को श्री सुशील कुमार देवली, वरि०लेखाधिकारी (पीठासीन अधिकारी) के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलाओं सहित कुल 21 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में श्री प्रशांत कुमार, सहा० लेखाधिकारी विजेता तथा श्री नितेश चौहान, लेखकार उपविजेता रहे।



## कैरम प्रतियोगिता

कैरम प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन दिनांक : 27.11.2024 एवं 28.11.2024 को श्री सुशील कुमार देवली, वरि० लेखाधिकारी (पीठासीन अधिकारी) के पर्यवेक्षण में कराया गया। प्रतियोगिता 3 वर्गों क्रमशः नियमित वर्ग, अनियमित वर्ग तथा महिला वर्ग में विभक्त की गयी। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलाओं सहित कुल 35 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नियमित वर्ग में श्री अनिल राठौर, वरि०लेखाकार विजेता तथा श्री सुरेन्द्र सिंह, सहायक पर्यवेक्षक उपविजेता रहे। अनियमित वर्ग में श्री योगेश कुमार, आशुलिपिक विजेता तथा श्री अमित कुमार, लिपिक उपविजेता रहे। महिला प्रतियोगिता में सुश्री शालू जाटव, वरि० लेखाकार एवं सुश्री वरुनिका शर्मा, लिपिक की जोड़ी विजेता रही तथा श्रीमती लक्ष्मी लसपाल, पर्यवेक्षक एवं सुश्री रिया मर्तोलिया, लिपिक की जोड़ी उपविजेता रही।





# प्रशासनिक कार्य

माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक प्रोन्नत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण

| क्रमांक | नाम/पदनाम (सर्वश्री/श्रीमती) | व्यक्तिगत सं | प्रोन्नति की तिथि |
|---|---|---|---|
| पर्यवेक्षक के पद पर प्रोन्नति | | | |
| 1. | लक्ष्मी लसपाल | UCDDE-2260079 | 01.10.2024 |
| सहा० पर्यवेक्षक के पद पर प्रोन्नति | | | |
| 1. | भावना आर्य | UCDDE-2260092 | 01.10.2024 |

माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक निम्न कर्मचारियों की नई नियुक्ति हुई है :-

| क्रमांक | नाम/पदनाम (सर्वश्री/श्रीमती) | व्यक्तिगत सं | कार्यगृहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | नीलम लता श्रीवास्तव, लेखाकार | UCDDE-2260461 | 29.08.2024 |
| 2. | सागर सोनकर, बहुकर्यकर्मी | UCDDE-2260462 | 02.09.2024 |

खेल-कोटा के अंतर्गत नियुक्ति

माह जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक निम्नलिखित उत्कृष्ट खिलाडियों की खेल-कोटा के अंतर्गत नई नियुक्तियाँ हुई :-

| क्रमांक | नाम/पदनाम (सर्वश्री/श्रीमती) | व्यक्तिगत सं | कार्यगृहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | जगदीश टोकस, लेखाकार | UCDDE-2260463 | 15.10.2024 |
| 2. | प्रभाकर मिश्रा, लेखाकार | UCDDE-2260464 | 16.10.2024 |

# सेवानिवृत्ति



दिनांक: 30.09.2024 को श्री सतीश कुमार शर्मा, पर्यवेक्षक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री राजीव कुमार सिंह, महालेखाकार महोदय स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए ।



दिनांक: 30.09.2024 को श्री सूरत सिंह रावत, सहा० पर्यवेक्षक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री लोकेश दताल,उपमहालेखाकार महोदय पौधा भेंट करते हुए ।



दिनांक: 31.10.2024 को श्री महेंद्र राम, लिपिक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री लोकेश दताल,उपमहालेखाकार महोदय स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए ।